कार्यालय अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं.– 0772–299660
फैक्स नं.– ....
ई–मेल– gmcsatna150@gmail.com
वेबसाइट–www.gmcsatna.com

क्रमांक 1056 / स्था. / जीएमसी / विज्ञप्ति / 2024 सतना, दिनांक 12.03.2024

/ / सूचना / /

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 89 / एफ 2–42 / 2007 / 1 / 55 (पार्ट) भोपाल दिनांक 12.01.2024 द्वारा जारी जूनियर एवं सीनियर रेसीडेंट की चयन पद्धिति के अनुक्रम में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना में सीनियर रेसीडेंट / ट्यूटर एवं जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों की पूर्ति **वाक–इन साक्षात्कार** के माध्यम से किये जाने हेतु निम्नानुसार सारणी जारी की जाती हैः–

1. सीनियर रेसीडेंट / ट्यूटर एवं जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पद पर चयन हेतु साक्षात्कार सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को आयोजित किये जाएंगे, जिसके अनुक्रम में दिनांक 14.03.2024 से कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।
2. रिक्तियों का प्रकाशन महाविद्यालय की वेबसाइट (www.gmcsatna.com) पर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार तक किया जाए।
3. प्रत्येक गुरूवार को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक पूर्ण आवेदन मय दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले उम्मीदवारो के मूल अभिलेखों के परीक्षण उपरांत पात्र उम्मीदवारों के साक्षात्कार की कार्यवाही अपरान्ह 12:00 बजे से प्रारंभ की जावेगी।
4. किसी सप्ताह के गुरूवार को शासकीय अवकाश होने की दशा में साक्षात्कार अगले कार्यदिवस में आयोजित किया जावेगा।
5. आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं निर्देश इस चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट (www.gmcsatna.com) पर उपलब्ध रहेगी।

नोटः– उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सीरियर रेसीडेन्ट / ट्यूटर एवं जूनियर रेसीडेन्ट के पदों का विज्ञापन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। इस संबंध में समस्त जानकारी समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट (www.gmcsatna.com) पर उपलब्ध कराई जावेगी।

14/03/2024

(डॉ. शशिधर प्रसाद गर्ग)
अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना (म0प्र0)

E:\Mahendra\2024\EST\SR JR Satna\Advertisement\Advertisement 17-02-2024.docx